परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 08-04-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा क्षेत्राधिकारी धनघटा कार्यालय व थाना धनघटा का किया गया औचक निरीक्षण।**
- **आगामी त्योहारों के दृष्टिगत किया गया पैदल गश्त।**
- **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 08.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा क्षेत्राधिकारी धनघटा कार्यालय/पेशी तथा थाना धनघटा का औचक निरीक्षण किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा क्षेत्राधिकारी धनघटा कार्यालय के निरीक्षण के दौरान CCTNS/ई ऑफिस,पेशी कार्यालय व परिसर का भ्रमण किया गया|क्षेत्राधिकारी कलवारी कार्यालय का अपराध रजिस्टर ,Z रजिस्टर, आर्डर बुक रजिस्टर,जांच प्रार्थना पत्र रजिस्टर, एस आर रजिस्टर,कार्य वितरण आदि का अवलोकन किया गया | डीआईजी बस्ती द्वारा रजिस्टरों/अभिलेखों में प्रविष्टियाँ अद्यावधिक कराने , कार्यालय व परिसर की साफ़ सफाई प्रतिदिन कराने, लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने, आगंतुकों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार करने, लंबित अभियोगो के समयबद्ध निस्तारण करने,आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट समय से न्यायालय में दाखिल कराने, शेष कर्मियों का I-Got प्रशिक्षण कराने, सर्किल के थानों से आधिकाधिक बहू बेटी सम्मेलन कराने, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन दहन के तहत नियमानुसार कार्यवाही कराने, ई-ऑफिस का आधिकाधिक उपयोग करने आदि हेतु निर्देशित किया गया |

तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा थाना धनघटा के थाना कार्यालय,मालखाना, साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय,बंदी गृह, मिशन शक्ति केन्द्र, आगन्तुक कक्ष, थाना परिसर आदि का औचक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने , कार्यालय / थाना परिसर की साफ-सफाई प्रतिदिन कराने व लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण,वाछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी तथा थाना परिसर में खड़े माल मुक़दमाती, लावारिस आदि वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन के तहत कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के उपरांत डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक सन्त कबीर नगर व अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत थाना क्षेत्र धनघटा में पैदल गश्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार सिंह ,क्षेत्राधिकारी धनघटा श्रीअभय नाथ मिश्र,प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा श्री दिलीप सिंह व पेशी/थाने के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती